

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826


संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in





यमुना जल समझौता... पेज 2

गंगापुर सिटी जंक्शन... पेज 3



वर्षः 11 | अंकः 02 | जयपुर, गुरुवार 16 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


# पंचायत-निकाय चुनाव नहीं कराने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगीःकहा-इलेक्शन कमीशन सक्षम नहीं तो हम किसी को अपॉइंट कर देते हैं, सीईसी को तलब किया






**जयपुर।** राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनाव तय समय सीमा में नहीं कराने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने सरकार के चुनाव टालने के प्रार्थना पत्र पर बुधवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा- अगर राज्य चुनाव आयोग इलेक्शन कराने में सक्षम नहीं है तो हम हाईकोर्ट से किसी को चुनाव कराने के लिए अपॉइंट कर देते हैं। हाईकोर्ट ने सरकार से कहा- हमें सख्त आदेश पास करने के लिए मजबूर मत कीजिए। कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और ओबीसी कमीशन की कार्यशैली को लेकर मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इसके सदस्य सक्षम नहीं हैं तो उन्हें हटाकर सक्षम व्यक्ति को काम दीजिए। कोर्ट ने अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (ष्टश्वष्ट) राजेश्वर सिंह और ओबीसी आयोग के सदस्य सचिव को तलब किया है।

### सरकार ने कहा- लास्ट चांस दे दीजिए

सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि चुनाव में ओबीसी का प्रतिनिधित्व जरूरी है। हम कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं कर रहे हैं। लेकिन ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं आने से विभिन्न वर्गों के आरक्षण का वर्गीकरण नहीं हो पाया है। ओबीसी आयोग की मांग पर उनका समय कई बार बढ़ाया जा चुका है। लेकिन इस बार आयोग ने कहा है कि वह 14 अगस्त तक रिपोर्ट दे देगा। चुनाव टालते हुए सरकार को लास्ट चांस दिया जाए।

### अधिकारी कोर्ट की अवमानना के लिए जिम्मेदार

याचिकाकर्ता पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कहा- सरकार और राज्य चुनाव आयोग कोर्ट के आदेश के बाद भी ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि कोर्ट अपने 22 मई के आदेश में साफ कर चुका था कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं आती है तो उसका इंतजार नहीं करना है। उसके बाद भी ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बहाने चुनाव टालने के लिए अधिकारी कोर्ट की अवमानना के दोषी हैं।

### चुनाव कराने की जिम्मेदारी आयोग की

दूसरे याचिकाकर्ता गिर्राज सिंह देवंदा की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने कहा- सरकार का यह प्रार्थना पत्र मेंटेनेबल ही नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 243 (क) में चुनाव कराने की जिम्मेदारी राज्य चुनाव आयोग की है। कोर्ट के आदेश की पालना कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की थी। वह उसमें पूरी तरह से विफल रहा है। इस पर कोर्ट ने राज्य चुनाव आयुक्त को तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

### कोर्ट ने दिए थे 31 जुलाई तक चुनाव कराने के आदेश

राजस्थान हाईकोर्ट ने पहले आयोग और सरकार को 15 अप्रेल तक प्रदेश में निकाय-पंचायत चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सरकार और आयोग ने अदालत में प्रार्थना पत्र लगाकर चुनाव टालने की अपील की थी। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने समय देते हुए 31 जुलाई तक हर हाल में चुनाव कराने के लिए कहा था। वहीं, ओबीसी आयोग को भी 20 जून तक अपनी रिपोर्ट देने के लिए बोला था।

# चार दिन बाद ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल खत्म

## परिवहन मुख्यालय में हुई बैठक के बाद बनी सहमति, विभाग ने 7 मांगों पर जारी किए आदेश



**जयपुर।** राजस्थान में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, ई-डिटेक्शन चालान और परमिट को लेकर चल रही ट्रांसपोर्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को खत्म हो गई। परिवहन मुख्यालय में ट्रांसपोर्ट संगठनों और परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी। इसके बाद राजस्थान ट्रक ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। बैठक के बाद परिवहन विभाग ने ट्रांसपोर्टरों की मांगों पर कार्रवाई को लेकर लिखित आदेश जारी किए हैं। विभाग ने कहा- कुछ मांगों पर तत्काल निर्णय लिया गया है, जबकि बाकी मुद्दों के समाधान के लिए समिति बनाकर आगे कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने बताया- 13 जुलाई को ही व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस को लेकर नई SOP जारी की गई थी। इसके तहत अधिकृत कंपनियों के जरिए वाहन मालिकों को डिवाइस उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, ताकि पहले आ रही दिक्कतें दूर हो सकें।

### ई-डिटेक्शन चालानों के लिए बनेगी समिति

विभाग ने ई-डिटेक्शन चालानों से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए विभागीय समिति गठित करने का फैसला लिया है। यह समिति ट्रांसपोर्टरों की शिकायतों और मांगों की जांच कर आगे की कार्रवाई के लिए सिफारिश करेगी।

### हर जिले में बढ़ेंगे फिटनेस सेंटर

परिवहन विभाग ने बताया- वर्तमान में 40 ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन को अनुमति दी जा चुकी है। 43 नए केंद्रों को प्रारंभिक स्वीकृति मिल चुकी है। इनके शुरू होने के बाद लगभग हर जिला मुख्यालय पर वाहन फिटनेस की सुविधा उपलब्ध होगी।

### हर महीने होगी शिकायतों पर बैठक


विभाग ने जिला परिवहन कार्यालय स्तर पर शिकायत निवारण व्यवस्था शुरू करने का फैसला लिया है। इसके तहत हर महीने के पहले सोमवार को वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के साथ बैठक होगी। जिला स्तर पर नहीं सुलझने वाली समस्याओं को परिवहन मुख्यालय भेजा जाएगा।

# एसीएस बोले- जर्जर स्कूल भवन तुरंत गिराएं छत पर चढ़कर किया स्कूल का औचक निरीक्षण

## कहा- खराब निर्माण मिला तो होगा दोबारा निर्माण

**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग सख्त मोड में नजर आ रहा है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने बुधवार 11 बजे से शाम 5 बजे तक जयपुर और दौसा जिले के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि स्कूलों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी जर्जर विद्यालय भवन में बच्चों को नहीं बैठाया जाएगा। ऐसे भवनों को तत्काल गिराया जाए। वहीं, क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत और निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता जांच के लिए नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) कराना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान राजेश यादव केवल अधिकारियों की रिपोर्ट पर निर्भर नहीं रहे, बल्कि खुद स्कूलों की छतों पर चढ़कर निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लिया। जिन स्कूलों में स्थाई सीढ़ियां नहीं थीं, वहां उन्होंने अस्थाई सीढ़ी का इस्तेमाल कर छत तक पहुंचकर भवनों की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय भवनों की नींव मजबूत रहे, बारिश के दौरान छतों पर जलभराव न हो और परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

### बस्सी ब्लॉक के स्कूलों में किया निरीक्षण



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जयपुर जिले के बस्सी ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कल्याणपुरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानपुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण व्यवस्था देखी, आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे मील भी चखकर भोजन की गुणवत्ता जांची। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं से सीधे संवाद कर शिक्षा, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं शिक्षकों से भी नामांकन, संसाधनों और विद्यालय संचालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।

### बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहना चाहिए

राजेश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। उन्होंने निजी विद्यालयों की निगरानी के लिए राजशाला संबलन ऐप के माध्यम से नियमित डिजिटल मॉनिटरिंग करने और शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रभावी मूल्यांकन किया जाए।

### निर्माणाधीन भवनों की होगी एनडीटी जांच

दौसा जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भण्डाना और पालावास के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने आदेश दिए कि सभी निर्माणाधीन भवनों का नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) कराया जाए। अगर कोई भवन निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता है या परीक्षण में असफल पाया जाता है। उसका पुनर्निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा- निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों को दी चेतावनी

दौसा जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यालयों के आधारभूत ढांचे से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए

# राजस्थान के 6 आरपीएस बने आईएएसः राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, नरपत सिंह, राम स्वरूप शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद खोथ प्रमोट हुए

**जयपुर।** राज्य पुलिस सेवा (आरपीएस) के 6 अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नत हो गए हैं। संघ लोक सेवा आयोग के चयन समिति की बैठक में तय चयन सूची को अनुमोदित करने के बाद आज गृह मंत्रालय ने इन 6 पुलिस अधिकारियों के नामों की अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार 1997 बैच के आरपीएस राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, नरपत सिंह, राम स्वरूप शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद खोथ, धनपत राज और रेवन्त दान आईपीएस में प्रमोट हो गए हैं। 1 जनवरी 2016 तक




राजस्थान में आईपीएस अधिकारियों के 8 पद खाली थे। इन्हीं रिक्तियों में से 6 पदों पर राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रमोट किया गया हैं। जनवरी 2026 के आकड़ों के अनुसार राजस्थान में 214 आईपीएस कार्यरत हैं। इनमें 25 अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर हैं।

### दो को छोड़ सभी जयपुर में पोस्टेड

आईपीएस बनने वाले अधिकारियों में से केवल 2 अधिकारी जयपुर से बाहर पोस्टेड हैं। शेष सभी अधिकारी जयपुर में ही अलग-अलग पदों पर पदस्थापित हैं। राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, एसडीआरएफ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रामस्वरूप शर्मा, जयपुर मैट्रो में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजेन्द्र प्रसाद खोथ, एटीएस जयपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, धनपतराज, आरपीए में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं। वहीं नरपत सिंह जैतावत, सीआईडी जोधपुर और रेवंतदान, जैसलमेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सीबीएसई के डिजिटल मार्किंग सिस्टम से छात्र निराश

## बोर्ड से पूछा सुधार के लिए अब तक क्या किया; केंद्र से मदद मांगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को CBSE के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर छात्रों की नाराजगी पर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, देखिए, छोटे-छोटे बच्चों में कितनी निराशा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार से किसी टकराव की मंशा नहीं है, लेकिन व्यवस्था में कुछ समस्याएं हैं। कोर्ट ने सीबीएसई की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। साथ ही केंद्र से सहयोग करने की बात कही है। सीबीएसई का OSM यानी ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम ऐसी व्यवस्था है, जिसमें ऑन्सर शीट की स्कैन कॉपी कंप्यूटर पर जांची जाती है। शिक्षक कागज की कॉपी देखने के बजाय डिजिटल स्क्रीन पर मूल्यांकन करते हैं।



### कोर्ट में सरकार के 3 तर्क

केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि जिन स्टूडेंट्स की मार्कशीट में गडबडी थी। उनमें से अधिकांश मामलों का समाधान कर दिया गया है। सरकार इस व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि एस राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग बनाया गया है। यह आयोग मूल्यांकन प्रणाली की समीक्षा करेगा और जरूरी सुधारों की सिफारिश करेगा। हम इस मामले को विरोध के तौर पर नहीं देख रहे हैं। समिति पहले से शिकायतों की जांच कर रही है।

### याचिका में स्पष्ट नियमावली की मांग

यह जनहित याचिका राकेश बिंजोला ने वकील लक्ष्मीकांत मटादन शुक्ला के माध्यम से दायर की है। याचिका में केंद्र सरकार और सीबीएसई को निर्देश देने की मांग की गई है कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए OSM मूल्यांकन प्रणाली से जुड़ी स्पष्ट नियमावली बनाई जाए। इस व्यवस्था की निगरानी और सुधार लागू करने के लिए एक हाई पावर कमेटी गठित की जाए। जिन स्टूडेंट्स को पहले ही प्रोविजनल एडमिशन मिल चुका है या जिन्होंने प्रवेश परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें मिनिमम क्वॉलिफाइंग मार्क्स में राहत दी जाए।

## हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार

### जिला स्तरीय पुरस्कार चयन समिति की बैठक

### प्रथम अकरम, द्वितीय शब्बीर एवं तृतीय स्थान पर गुलबदन का चयन

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**कोटा।** हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले नकद पुरस्कार के तहत जिला स्तरीय पुरस्कार चयन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति ने इस वर्ष जिला स्तर पर कोटा डोरिया साडी बनाने वाले कैथून वाले बुनकरों मोहम्मद अकरम का प्रथम, शब्बीर हुसैन मेतवाल का द्वितीय एवं गुलबदन गहलोत का तृतीय स्थान पर चयन किया। नाजो बानो एवं अन्जुम को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय किया गया। प्रथम पुरस्कार के तहत 5 हजार 100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के तहत 3 हजार 100 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के तहत 2 हजार 100 रुपए प्रदान किए जाएंगे। सांत्वना पुरस्कार के तहत 1100-1100 रुपए प्रदान किए जाएंगे। जिला कलक्टर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन 8 बुनकरों द्वारा बुनी गई कोटा डोरिया साडियों की बुनाई के आधार पर किया। जिला कलक्टर ने बुनकरों द्वारा बुनी गई साडियों की प्रशंसा की और कोटा डोरियो को प्रोत्साहित करने के निर्देश जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा को दिए।

## शहरी शिविरों से आयुर्वेद से हुए 315 नागरिक लाभान्वित



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर के नागरिकों एवं ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत पर व शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन 12 जून से 15 जुलाई तक हुआ।आयोजित सेवा शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम लोगों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर समाधान किया गया। नगरपालिका द्वारा चलाए गए शहरी सेवा शिवरों में आयुर्वेद विभाग की सेवाएं भी रही। ब्लॉक आयुर्वेद नोडल अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमावत ने बताया कि 12 जून से 15 जुलाई तक आयोजित हुए शिविरों में अब तक 315 नागरिक आयुर्वेद चिकित्सा से लाभान्वित हुए हैं। बुधवार को हुए शिविर मे ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के डॉ.वीरेंद्र कुमार सैनी व पूजा शर्मा नर्स ने ड्यूटी दी तथा आज 21 जनों को जीवनशैली जन्य परामर्श व 13 को उपलब्ध औषध देकर उपचार किया।

## सीपीएस स्कूल में अध्यापकों व विद्यार्थियों को किया पेड़ वितरित

### अधिक से अधिक पेड लगाकर करें धरती का श्रृंगार .... राकेश जमालपुरिया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में जयपुर रोड पर स्थित सीपीएस स्कूल के प्रांगण में बुधवार को अध्यापकों व विद्यार्थियों को पेड़ वितरित किए गए द्य कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा वृक्ष वितरित किया गया द्य कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राकेश जमालपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह पेड़ वितरित किए जा रहे हैं द्य प्रदेश संयोजक राकेश जमालपुरिया व मुबारक खान ने कहा कि आओ हम सब मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाकर धरती का श्रृंगार करें। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक लोकेश राठी, व्यवस्थापक बजरंग लाल गुर्जर, सुश्री निशा जांगिड़, मंगल चंद गुर्जर, सुश्री प्रियांशी राठी, सुमेर सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## राजस्थान सरकार की जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में रीता सेठी को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



**अलवर।** राजस्थान सरकार के जन अभियोग निराकरण विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति, अलवर का गठन किया गया है। समिति में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को मनोनीत किया गया है, जिनमें श्रीमती रेखा राठी को महिला वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए सदस्य नियुक्त किया गया है। श्रीमती रीता सेठी की नियुक्ति को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं और अब समिति के माध्यम से आमजन की शिकायतों के समाधान, प्रशासनिक पारदर्शिता तथा जनहित से जुड़े।

# डीग जिला महिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक संपन्न

## संगठन विस्तार एवं 21 जुलाई संसद चलो अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अल्का लांबा एवं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह तथा प्रदेश प्रभारी श्रीमती दीप्ति सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को डीग जिले के कुम्हेर तहसील के गाँव भटावली में जिला महिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीग जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव ने की, जबकि आयोजन जिला प्रभारी श्रीमती तस्लीम जी के तत्वावधान में संपन्न हुआ । एडवोकेट स्वेता यादव ने बताया कि बैठक में कि जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों एवं महिला कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने, रिक्त पदों की पूर्ति तथा प्रत्येक ब्लॉक में संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़कर महिला नेतृत्व को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। स्वेता यादव ने बैठक में 21 जुलाई से प्रारंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित संसद चलो अभियान की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक महिला कार्यकर्ताओं की दिल्ली में भागीदारी सुनिश्चित करने, जिला स्तर पर समन्वय समिति गठित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

स्वेता यादव ने बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, महिला अधिकारों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। बैठक में प्रमुख रूप से डीग जिले की उपाध्यक्ष ममता भटवली, हलीमा खान, कामा अध्यक्ष शिफा जुनैद खान, महासचिव बबीता राहुल, मिथलेश, विमला, सुमन, नीतू, जयकम, जुनेद, बदन सिंह, उमेश,मोहन, कल्लन, साहब, निर्मला, मधु, किरण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# डीएसटी एवं क्यूआरटी टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक जिला डीग श्री शरण गोपीनाथ के. के निर्देषन में जिले मे अपराधियों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड अभियान के तहत थाना कामां पुलिस, जिला स्पेशल टीम एवं QRT टीम को एक बडी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त टीम ने ग्राम लुहेसर में चल रही एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में बने/अधबने अवैध हथियार और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए हैं । मौके से दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर डीग पुलिस का बडा प्रहार, पुलिस थाना कामां, छ्रस्ञ्ज एवं त्तक्रञ्ज टीम की संयुक्त कार्यवाही, भारी मात्रा में अवैध हथियार और निर्माण सामग्री बरामद, 02 आरोपी गिरफ्तार, 07 अवैध हथियार (सिंगल व टोपीदार बंदूकें, पौना) एवं हथियार बनाने की मशीनें व कलपुर्जे जब्त, संगठित रूप से वर्षों से चला रहे थे । अवैध हथियार बनाने व बेचने का काला कारोबार। कार्यवाही का विवरण- दिनांक 14.07.2026 को प्रभारी डीएसटी टीम श्री वीरेन्द्र स.उ.नि. द्वारा ग्राम लुहेसर में इन्ताज पुत्र साहब खां के मकान पर बडे स्तर पर अवैध हथियारों का निर्माण किए जाने की दी गई पुख्ता सूचना पर, पुलिस थाना कामां से एएसआई बंशी सिंह मय जाप्ता, डीएसटी एवं त्तक्रञ्ज टीम ने तुरंत घेराबंदी कर लुहेसर स्थित चिन्हित मकान पर दबिश दी। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से दो आरोपियों 1. मकसूद पुत्र नसरु, जाति मेव, उम्र 42 साल, निवासी लुहेसर, थाना कामां, जिला डीग एवं 2. इन्ताज पुत्र साब खां, जाति मेव, उम्र 35 साल, निवासी लुहेसर, थाना कामां, जिला डीग को गिरफ्तार किया गया । बरामद अवैध हथियार एवं सामग्री (जब्ती विवरण)- तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे और मकान से निम्नलिखित अवैध हथियार व निर्माण सामग्री बरामद कर, जब्त की गई-निर्मित हथियार (कुल 07)- 01 हथकड सिंगल 12 बोर बंदूक (आरोपी मकसूद से बरामद) 01 हथकड सिंगल 315 बोर बंदूक (आरोपी इन्ताज से बरामद) 01 हथकड पौना 315 बोर, 01 हथकड टूटी हुई बंदूक 12 बोर, 01 अन्य हथकड बंदूक 12 बोर, 02 अवैध टोपीदार बंदूकें, अवैध हथियार बनाने की सामग्री व मशीनें- 12 बोर का लकडी का बट व लोहे की बैरल, हवा पंखा, ग्राइंडर (मय पत्ता व तार मशीन), छेद करने वाली मशीन, ड्रिल मशीन, 02 लोहे की रेती, 01 पिलास, 02 हथौडी, रेगमार, 01 छैनी, 05 लोहे के चाकू, 01 फनर, लोहे के छोटे-बडे 50 कलपुर्जे, छोटी पाइप, लोहे की गाटर का गुटका, लोहे की पटरी और बाल्टी, संगठित गिरोह का खुलासा- प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले कई वर्षों से अपने एक अन्य साथी मम्मन उर्फ मम्मनदीन पुत्र फत्ती निवासी मुसेपुर, कामां के साथ मिलकर संगठित तरीके से अवैध हथियार बनाने, रखने और बेचने का धंधा कर रहे हैं। फरार आरोपी मम्मन इन्हें हथियार बनाने का कच्चा माल और सामान उपलब्ध कराता था। पुलिस अब फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। थाना कामां पर प्रकरण सं0 374/2026 धारा 3/25(6),5/25 आर्म्स एक्ट व 111(2)(बी) बीएनएस में दर्ज कर मुलजिमानों से अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## हवा सड़क पर ए यू बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

**जयपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र हवा सड़क स्थित जाजू टावर में ए यू बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, विशिष्ट अतिथियों एवं उद्घाटन के अवसर पर बैंक के रीजनल हेड अनुपम भार्गव, क्लेस्टर मैनेजर पंकज राठौड़ , नंदपुरी बाजार व्यापार मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र मारवाल, सूर्य प्रकाश गुप्ता, पूर्व इंटरनेशन फुटबॉल प्लेयर जसवंत सिन्हा, प्रेम सिंह भाटी, विजय सोनी, जाहिद, नंदपुरी बाजार के व्यापारी मौजूद रहे। नई शाखा के माध्यम से क्षेत्र के ग्राहकों को बचत एवं चालू खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक ऋण, डिजिटल बैंकिंग, निवेश एवं बीमा सहित बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस शाखा का उद्देश्य ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है।

उद्घाटन समारोह के दौरान बैंक प्रबंधन ने कहा कि ए यू बैंक लगातार अपने शाखा नेटवर्क का विस्तार कर रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक आधुनिक और तकनीक आधारित बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने और उत्कृष्ट सेवा देने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

## अलबेली माधुरी शरण महाराज ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया

**जयपुर।** भोलेनाथ सेवा समिति की ओर से भगवान भोलेनाथ की आठवी अमरनाथ यात्रा बुधवार को सुबह शास्त्री नगर स्थित पानी की टंकी से भोलेनाथ के जयकारों के साथ रवाना हुई। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज और श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने ध्वज पूजन कर यात्रा को रवाना किया।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## लोकतंत्र की नींव को सशक्त करने में युवा छात्राओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**बारां।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर अटरु के राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा एवं सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य ईएलसी का सुदृढ़ीकरण व मतदाताओं को ऑनलाइन पंजीयन से जोडते हुए युवाओं का शत् प्रतिशत पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त करना रहा।

### युवा छात्राएं लोकतंत्र का भविष्य

सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने उपस्थित जन को सभी निर्वाचन में निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प कराते हुए कहा कि युवा छात्राएं नेतृत्व क्षमता में कुशल होती हैं। छात्र संघों और युवा राजनीतिक संगठनों में बड-चडकर हिस्सा ले रही हैं। वहीं शिक्षा,डिजिटल जागरूकता और सामाजिक सरोकार के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी और प्रगतिशील बनाने में भी छात्राओं का योगदान सराहनीय हैं। इस दौरान युवाओं को रोजगारोन्मुख, आवश्यक तकनीकी और व्यावसायिक कौशल की जानकारी भी दी गई।

### युवाओं ने जाने निर्वाचन के ऑनलाइन ऐप

प्रभारी भार्गव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 17 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करवाने के लिए वर्ष में चार आधार तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं नव मतदाताओं को प्ले स्टोर से ईसीआई नेट ऐप डाउनलोड करवाया एवं अपना नाम मतदाता सूची में जुडवाने के लिए घर बैठे ईसीआई नेट ऐप, वोटर हेल्पलाइन एप या निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर फॉर्म 6 के तहत मतदाता सूची में पंजीयन करने व फॉर्म 6 बी द्वारा ईपिक को आधार से लिंक करने एवं फॉर्म 8 से वोटर आईडी में किसी भी प्रकार के संशोधन को ऑनलाइन प्रक्रिया से करने की जानकारी दी गयी, वही ईसीआई नेट ऐप द्वारा ईपिक नंबर या ईपिक पर दिए गए बार व क्यूआर कोड या अपने मोबाइल नंबर की सहायता से मतदाता सूची में अपना नाम देखने तथा अपने मतदान केंद्र का पता करने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में ईएलसी प्रभारी डॉ अशोक धाभाई, सहायक आचार्य डॉ विजय लक्ष्मी नागर प्रियंका नागर, बद्रीलाल मीणा, राजेश भील, स्वीप सदस्य रामचरण मीणा, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# यमुना जल समझौता- मिशन मोड पर हो कामः शेखावाटी के लिए वरदान साबित होगी परियोजना- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को यमुना जल समझौते के योजनाबद्ध क्रियान्वयन के लिए जल संसाधन विभाग की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के लिए यह परियोजना ऐतिहासिक है। समझौते के बाद अब जिस गति से आगे की प्रक्रिया चल रही है, उसे कायम रखते हुए नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी फील्ड में जाकर परियोजना को गति प्रदान करें। उन्होंने एमओए के अनुरूप परियोजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने जरूरी मैनपावर के नियोजन के संबंध में भी निर्देशित किया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने परियोजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की पहल पर यमुना जल समझौता हुआ है।

यह परियोजना शेखावाटी क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने इस समझौते को साकार रूप देने में पूर्ण सहयोग के लिए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीग पुलिस के थाना कामां में छात्र - छात्राओं के समूह को महिला सुरक्षा के संबंध में किया जागरूक

## एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं दंपतियों से उनके घर जाकर की मुलाकात



**दीपचंद शर्मा/डीग।** (महिला सुरक्षा संकल्प अभियान) डीग पुलिस के थाना कामां मे छात्र-छात्राओं के समूह को महिला सुरक्षा के संबंध में किया जागरूक एवं पुलिस थाना कोतवाली डीग द्वारा एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं बुजुर्ग दम्पत्तियों से उनके घर जाकर की मुलाकात एवं राज्य सरकार की वरिष्ठ जन सम्बल योजना की जानकारी देकर किया जागरूक पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता ब?ाने, महिला अपराधों के प्रति त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा समाज में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से *आज डीग पुलिस के थाना कोतवाली डीग एवं थाना कामां मे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के अंतर्गत एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं बुजुर्ग दम्पत्तियों से घर जाकर संवाद एवं कामां मे छात्र- छात्राओं के समूह को महिला सुरक्षा के संबंध मे जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस थाना कोतवाली डीग थाना कोतवाली डीग द्वारा एकल बुजुर्ग महिलाओं एवं बुजुर्ग दम्पतियों से उनके घर जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी गई एवं संवाद कर राज्य सरकार की वरिष्ठ जन सम्बल योजना ष्मदपवतश् दवज ।सवदमष् के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही नौकर/किरायेदार का सत्यापन इत्यादि के बारे जानकारी एवं आत्मरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। पुलिस थाना कामां- महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार महिला सुरक्षा से संबंधित मुददों एवं राजस्थान पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु उठाये जा रहे विभिन्न उपायों के सम्बन्ध में जिला पुलिस अधीक्षक डीग श्री कांबले शरण गोपीनाथ आईपीएस के निर्देशन में अति0 पुलिस अधीक्षक डीग श्री दिनेश यादव व श्री राजेश शर्मा आरपीएस वृताधिकारी कामां के सुपरवीजन में थानाधिकारी श्री सुनील कुमार पु0नि0 द्वारा आज दिनांक 15.07.2026 को राजकीय विधालय कामां में छात्र व छात्राओं को राजकांप ऐप , आत्मरक्षा प्रशिक्षण ,महिला गरिमा 1090, साईबर सेफटी, नौकर व किरायेदार सत्यापन ,सडक सुरक्षा (सीटबैल्ट, हेलमेट,यातायात नियमों), महिलाओं से संबंधित कानूनों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया । जिला पुलिस महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक महिला को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित कर रही है।

# राजस्थान विधानसभा का 75वां अमृत महोत्सवः

## पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी वरिष्ठ विधायक के रूप में सम्मानित




**कोलायत/बीकानेर।** राजस्थान विधानसभा की लोकतांत्रिक एवं संसदीय परंपराओं के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव के ऐतिहासिक समापन समारोह में आज मरुधरा के कद्दावर नेता और पूर्व सिंचाई मंत्री देवीसिंह भाटी को उनके उत्कृष्ट, दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट संसदीय योगदान के लिए वरिष्ठ विधायक के रूप में सम्मानित किया गया। भारत के उपराष्ट्रपति ने गरिमामयी समारोह में भाटी को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर इस सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। यह ऐतिहासिक आयोजन लोकतंत्र, संविधान और जनप्रतिनिधियों के जनसेवा के प्रति समर्पण को समर्पित रहा, जिसमें देश और प्रदेश की शीर्ष राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की।

### भव्य समारोह में जुटी देश-प्रदेश की शीर्ष हस्तियां

अमृत महोत्सव के इस ऐतिहासिक उत्सव का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रिपरिषद के सदस्यों, वर्तमान व पूर्व विधायकों तथा विभिन्न गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में यह आयोजन अत्यंत गरिमामय और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ।

### जनहित और संसदीय गरिमा को सर्वोपरि रखने का आह्वान

सम्मान ग्रहण करने के बाद पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी ने समसामयिक विषयों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती, जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही, संसदीय मर्यादाओं के संरक्षण तथा जनहित को राजनीति में सर्वोपरि रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

### कोलायत और पश्चिमी राजस्थान के लिए गर्व का क्षण

कोलायत विधानसभा क्षेत्र से लगातार सात बार विधायक रहे देवीसिंह भाटी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सदैव किसान हित, सिंचाई परियोजनाओं के विकास, सीमावर्ती क्षेत्रों के उत्थान और विधानसभा में जनता की बुलंद आवाज बनने का काम किया है। उनके इस अद्वितीय विधायी अनुभव को देखते हुए विधानसभा द्वारा दिया गया यह सम्मान बीकानेर जिले और पूरे पश्चिमी राजस्थान के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बीकानेर की लोकतांत्रिक विरासत का सच्चा सम्मान बताया है।

## दुःखद हादसाः डिग्गी में डूबने से कांस्टेबल की मौत , पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**देशनोक।** देशनोक थाना क्षेत्र के गांव केसरदेसर जाटान में एक बेहद दुखद हादसा सामने आया है। यहाँ राजस्थान पुलिस में कार्यरत एक जांबाज युवा कांस्टेबल की खेत की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। बुधवार को कांस्टेबल का उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया कि केसरदेसर जाटान निवासी व बीकानेर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पदास्थापित कांस्टेबल रामनिवास (26) पुत्र पन्नाराम सारण की खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से असामयिक मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया। इस संबंध में मृतक के पिता पन्नाराम सारण की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की है।

### राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

पोस्टमॉर्टम के बाद कांस्टेबल रामनिवास का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव केसरदेसर जाटान लाया गया। गांव के मुक्तिधाम में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। इस अत्यंत दुखद अवसर पर बीकानेर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के सीआई चीमाराम, देशनोक एसएचओ सुमन शेखावत, सरपंच रामदयाल कस्वां, रामचंद्र कस्वां सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी, साथी जवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। युवा कांस्टेबल के निधन से पूरे क्षेत्र और पुलिस महकमे में शोक की लहर है।

## लायंस क्लब जयपुर ग्रीन के नितिन मित्तल बने नए अध्यक्ष



**जयपुर।** लायंस क्लब जयपुर ग्रीन की जय क्लब में आयोजित वार्षिक आम सभा में लायन नितिन मित्तल को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान अध्यक्ष लायन अर्जुन गर्ग ने उन्हें विधिवत पदभार सौंपा। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी में लायन वेद प्रकाश शर्मा को सचिव व लायन चंद्रप्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। चार्टर प्रेसिडेंट लायन सुशांत गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष लायन रवि अग्रवाल व लायन रतन अग्रवाल सहित लगभग 30 सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर नए नेतृत्व के साथ सामाजिक कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया

# गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मीडिया दौरे का आयोजन, मंडल रेल प्रबंधक ने दी लोकार्पण एवं स्टेशन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी, तैयारियों का किया निरीक्षण

## प्रधानमंत्री करेंगे देशभर के 75 अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण, राजस्थान के 5 एवं पश्चिम मध्य रेल के 6 स्टेशनों में शामिल है कोटा मंडल का गंगापुर सिटी जंक्शन

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन के आगामी लोकार्पण से पूर्व गंगापुर सिटी के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष मीडिया दौरे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने मीडियाकर्मियों को स्टेशन पर हुए पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं तथा आगामी लोकार्पण समारोह की विस्तृत जानकारी दी। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 17 जुलाई 2026 को अपराह्न 3:45 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कुल 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इनमें राजस्थान राज्य के कुल 5 स्टेशन तथा पश्चिम मध्य रेलवे के कुल 6 स्टेशन शामिल हैं, जिनमें कोटा मंडल का गंगापुर सिटी जंक्शन भी सम्मिलित है – जो कोटा मंडल के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

कालरा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि गंगापुर सिटी स्टेशन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है तथा स्टेशन से संबंधित सभी निर्धारित कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 555 वर्गमीटर क्षेत्र में स्टेशन भवन का विस्तार एवं नवीनीकरण किया गया है। यात्रियों की सुविधा हेतु 3 नए वातानुकूलित



प्रतीक्षालय, 4 आधुनिक शौचालय ब्लॉक, लगभग 10,000 वर्गमीटर में विकसित सर्कुलेटिंग एरिया एवं सुव्यवस्थित यातायात प्रणाली तैयार की गई है। प्लेटफॉर्मों को जोड़ने हेतु लिफ्ट व एस्केलेटर सहित 12 मीटर चौड़ा आधुनिक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग 960 वर्गमीटर क्षेत्र में नए प्लेटफॉर्म शेल्टर तथा लगभग 12,000 वर्गमीटर क्षेत्र में प्लेटफॉर्म सरफेसिंग का कार्य भी पूर्ण किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांगजनों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु स्टेशन को पूर्णतः दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है, जिसमें रैंप, टैक्टाइल पाथ, पृथक पार्किंग, दिव्यांग अनुकूल शौचालय एवं पेयजल सुविधा, व्हीलचेयर, हेल्प बूथ तथा सुगम पहुंच मार्ग शामिल हैं। स्टेशन पर आधुनिक साइनेज, ट्रेन सूचना बोर्ड, कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म घड़ियां भी स्थापित की गई हैं। मीडिया दौरे के दौरान कालरा ने बताया कि लोकार्पण समारोह 17 जुलाई 2026 को स्टेशन परिसर में ही आयोजित होगा, जिसमें दोपहर 2:00 बजे से सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी, यात्रीगण, जनसमूह एवं रेलवे अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुरस्कार वितरण एवं फिल्म प्रदर्शन का भी आयोजन होगा, तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्टेशन का लोकार्पण किया जाएगा।

मीडिया दौरे के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते हुए 17 जुलाई को होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा भी लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समारोह स्थल की साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य सभी तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुनर्विकसित गंगापुर सिटी जंक्शन स्टेशन यात्रियों को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराएगा तथा क्षेत्रीय विकास, पर्यटन, व्यापार एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने इसे कोटा मंडल के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर बताया। मीडिया दौरे के अंत में उपस्थित मीडियाकर्मियों ने स्टेशन पर हुए पुनर्विकास कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण भी किया तथा मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में हो रहे प्रयासों की सराहना की।

### प्रमुख विशेषताएं (संक्षेप में)

- देशभर में 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण, जिसमें राजस्थान के 5 एवं पश्चिम मध्य रेल के 6 स्टेशन शामिल
- कोटा मंडल का गंगापुर सिटी जंक्शन भी लोकार्पित होने वाले स्टेशनों में सम्मिलित
- लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य पूर्ण
- लिफ्ट-एस्केलेटर सहित 12 मीटर चौड़ा FOB, नए प्रतीक्षालय, शौचालय, संपूर्ण दिव्यांगजन अनुकूल अधोसंरचना
- मंडल रेल प्रबंधक द्वारा समारोह तैयारियों का स्वयं निरीक्षण

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद ने कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**सांगोद (कोटा)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद द्वारा दूधिया खेड़ी माता मंदिर परिसर में देहात जिला कांग्रेस कमेटी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम देहात जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देहात जिला कांग्रेस कमेटी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संघर्ष की बदौलत मजबूत होता है। संगठन में मिली जिम्मेदारी सम्मान के साथ-साथ जनता के प्रति उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस की जनकल्याणकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है और सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूत होकर उभरेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा और कार्यकर्ताओं का संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी, सक्रियता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को मजबूती से पहुंचाना होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ कार्य करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर देहात जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी मनीष शर्मा एडवोकेट,अब्दुल सलाम, मांगीलाल नागर,रामकैलाश मेघवाल, मोहम्मद रईस, मुकुट बिहारी नागर, महावीर पारेता, अफ़सार प्रधान, लालचंद सैनी, रामस्वरूप मीणा, रमेश गुर्जर सिमलिया, जमील भाई, परमेश्वर शर्मा, जगदीश मीणा, चंद्रशेखर चौधरी, राजेन्द्र रेगर, सुमित गुर्जर, कालूलाल मेहरा, रमेश गुर्जर चड़ीन्दा, भुवनेशमीणा, ऐवन बैरवा, रामरतन मीणा, जितेन्द्र मालव एव न्याय अधिकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गजराज सिंह हाड़ा, भुवनेश तिवारी, घनश्याम नागर, दौलतराम गुर्जर, राजेन्द्र मेघवाल सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखते हुए कांग्रेस पार्टी की रीति नीति एव सिद्धांतो के अनुसार कार्य कर संगठन को मजबूत करने की बात कही तथा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा देहात जिला अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया! समारोह में सिमलिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमति गीता मेघवाल सांगोद ब्लॉक कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कपिल नागर, सिमलिया कार्यकारी अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष परसराम बैरवा सुल्तानपुर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलदार अली ने भी अपने विचार रखे । मंच संचालन कनवास नगर अध्यक्ष रघुनंदन गौतम ने किया । समारोह में मुख्य रूप से धुलेट मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, कुंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवलाल गुर्जर, कमोलर मंडल अध्यक्ष विशाल तिवारी , देवली मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, बपावर मण्डल अध्यक्ष विशाल मीणा, नरेन्द्र सोनी, रामू काका, गोविंद श्रृंगी, जाकिर नौसरानी, भेरूलाल रायका, पवन शर्मा, रामराज गुर्जर, भोजराज गुर्जर, शकुर कुरैशी, सुरेश मेवाडा, पूरणमल सुमन, प्रकाश रायका, त्रिलोक मीणा, रईस अहमद, इन्द्रकुमार प्रजापति, राजाराम शर्मा, शिवराम मेहता, शिवराम सुमन, कन्हैयालाल नायक, सुरेश सुमन, चन्द्र मोहन मीणा,रोहित गौतम, सी.पी नागर, आशीष गुर्जर, मदन मोहन नागर, लोकेश मीणा,शक्ति सिंह, महावीर गुर्जर, महावीर नायक,गजेन्द्र चौधरी,भवानी शंकर नागर, राधेश्याम बेरवा, द्वारकीलाल केवट,दीनदयाल गुर्जर, सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आस्था पर दुस्साहसी हमला, ठाकुरजी मंदिर से चांदी का छत्र, कुंडल , झालर और मुरली चोरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**जयपुर।** मुहाना थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का भयंकर तांडव जारी है। इन शातिर चोरों द्वारा चुन-चुन कर मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की जा रही है।बुधवार को बालावाला ग्राम पंचायत में स्थित तेजावाला गांव में चोरो ने ठाकुरजी महाराज के मंदिर में दुस्साहस दिखाया। मंदिर के पुजारी विष्णु शर्मा ने बताया कि दोपहर के करीब 1 बजे चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना का पता करीब 4 बजे चला। चोरो ने चांदी के 2 छत्र, मुरली, झालर, कुंडलो सहित अन्य पुजा सामग्री को निशाना बनाया।चोरी की खबर फैलते ही पूरे गांव में आक्रोश का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।

# एकता पब्लिक स्कूल में प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## भारतीय एशियन कबड्डी टीम के कप्तान विजेंद्र चौधरी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

## खेल को खेल की भावना से ही खेल खिलाड़ी.... राव ईश्वर सिंह







● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे के पास किरोड़ी रोड पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार आगाज उत्साह अनुशासन व खेल भावना के साथ चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार आगाज शुरू हुआ द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय कबड्डी टीम के एशियाई कबड्डी कप्तान एवं राष्ट्रीय पदक विजेता विजेंद्र चौधरी थे। जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि धर्मपाल पूनिया ( नेशनल कबड्डी प्लेयर ) विकास कच्छावा ( नेशनल कबड्डी प्लेयर ) सीबीएसई ऑब्जर्वर देवव्रत शर्मा थे द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों से ही खिलाड़ियों की प्रतिभाओं में निखार आता है द्य इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष राव ईश्वर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सावर माल मील अध्यक्ष जीवनी एजुकेशन ग्रुप ने की द्य इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सीबीएसई अजमेर रीजन की कुल 53 टीमें भाग ले रही है। जिसमे अंडर 14 अंडर 17 व अंडर-19 वर्ग शामिल है द्य प्रतियोगिता का उद्घाटन अंडर 19 ग्रुप के स्कॉलरशिप एकैडमी जयपुर व मैट्रिक्स हाई स्कूल सीकर के बीच हुआ जिसमें मैट्रिक हाई स्कूल ने शानदार प्रदर्शन किया। कांटे के रोमांचक मुकाबले में मैट्रिक्स हाई स्कूल सीकर ने 44 -39 के अंतर से शानदार विजय प्राप्त की विद्यालय के चैयरमैन राव ईश्वर सिंह ने भारतीय टीम के कप्तान विजेंद्र चौधरी का शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनरी का साफा पहनाकर जोरदार सम्मान किया। उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी द्य कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 जुलाई को आयोजित होगा द्य कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष राव ईश्वर सिंह ने वोट आफ थैंक्स देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया द्य कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ का अहम योगदान रहा।

# अमेरिका ने 7 घंटे तक ईरान पर बम बरसाएः सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। IRGC ने बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा और होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी रणनीति जारी रखेगा।

**IRGC का व्यापारिक जहाजों पर हमला:** ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो व्यापारिक जहाजों पर हमला किया। इसमें 1 भारतीय शख्स की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हुए।

# उपराष्ट्रपति बोले- विकसित राजस्थान बिना विकसित भारत नहीं बनेगा

## बिरला ने कहा- सदन में हंगामा हो, मैं खड़ा नहीं होता, स्पीकर के चेहरे पर तनाव नहीं हो

**जयपुर।** जयपुर में उपराष्ट्रपति एसपी राधाकृष्णन ने कहा- विकसित राजस्थान के बिना विकसित भारत नहीं बन सकता है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने लक्ष्य दिया है। यह लक्ष्य पाने के लिए सशक्त संस्थाएं जरूरी हैं। संस्थाएं तब विकसित होती हैं, जब नेतृत्व मजबूत चरित्र वाला हो। विधायक विधानसभा की गरिमा बनाए रखने के लिए काम करें। उन्होंने कहा- राजनीति में काम करने वाले सेवा करना जारी रखें। तो सही समय पर पुरस्कार अपने आप मिल जाएगा। उपराष्ट्रपति जयपुर में बुधवार को राजस्थान विधानसभा में विधायी गौरव यात्रा के समापन समारोह में बोल रहे थे। वहीं कार्यक्रम में लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सदन में चाहे कितना तनाव हो, स्पीकर के चेहरे पर नहीं आना चाहिए। मैं जब स्पीकर बना तो लोकसभा में बार-बार सीट से उठकर 'आसन पैरों पर हैज' कहना पड़ता था। तब एक सांसद ने सलाह दी कि स्पीकर का बार-बार सीट पर खड़े होना ठीक नहीं है, इससे गरिमा नहीं रहती। हर व्यक्ति कुछ न कुछ सिखा जाता है। अब संसद में चाहे कितना ही हंगामा हो, मैं खड़ा नहीं होता।

### विधायक सदन की चर्चाओं में भाग लें, बड़ा बदलाव ला सकते हैं

उपराष्ट्रपति एसपी राधाकृष्णन ने कहा-चुनाव के समय जनता के मतों से जीतते हैं, लेकिन दिलों को तभी जीत सकते हैं, जब लोगों की भलाई के लिए काम करें। चुनाव जीतना अहम है, लेकिन उसे भी महत्वपूर्ण यह है कि आप जनता की सेवा कर रहे हैं या नहीं। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राजस्थान के विकास की भावना एक सूत्र में बांधे रखती है। लोकतंत्र राजनीतिक मतभेदों से बड़ा होता है। उपराष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत, राजेश पायलट, पूर्व सीएम अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे को याद करते हुए उनके साथ संसद में किए काम का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा- वाजपेयी सरकार के समय संसद की टैक्सटाइल समिति में खूब काम किया। उस समय दिए गए सुझावों को सरकार ने माना। इसमें टैक्सटाइल सेक्टर को पूरी तरह मॉडर्न करने का सुझाव दिया था। एक विधायक के रूप में जो काम मिला है, उसे जी-जान से करने में जुट जाएं। आप किसी पक्ष के हों। आप प्रश्नकाल, शून्यकाल और सदन की चर्चाओं में योगदान देते हैं तो बड़ा बदलाव आ सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा- विधायक राष्ट्र और संविधान को सर्वोपरि रखें। इतिहास महाराणा प्रताप को नहीं भूल सकता, चेतक को नहीं भुला सकता। आप निष्ठा से काम करेंगे तो नेता बनेंगे और समाज को दिशा देंगे। गीता में सीख है कि निष्ठा से कर्म करते रहिए। आप फल की चिंता नहीं करें। कठोर परिश्रम करने वाले को ईश्वर पुरस्कृत करता है। अगर कठोर परिश्रम करने वाले को पुरस्कृत नहीं करते तो वो ईश्वर नहीं हो सकते।





### 100 साल के पूर्व विधायक पंडित रामकिशन सहित 26 मौजूदा-पूर्व विधायक सम्मानित

समारोह में 100 साल के पूर्व विधायक पंडित रामकिशन शर्मा सहित 26 मौजूदा और पूर्व विधायकों को सम्मानित किया गया। पंजाब के राजयपाल गुलाबचंद कटारिया, स्पीकर वासुदेव देवनानी, पूर्व स्पीकर सीपी जोशी, दीपेंद्र सिंह शेखावत को भी सम्मानित कया गया। राव राजेंद्र सिंह, किरोड़ी लाल मीणा, घनश्याम तिवाड़ी, प्रद्युम्न सिंह, देवी सिंह भाटी, राजेंद्र राठौड़, मदन दिलावर, हेमाराम चौधरी, डॉ. बीडी कल्ला, महादेव सिंह खंडेला, परसराम मोरदिया, कालीचरण सराफ, परसादी लाल मीणा, दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी, राजेंद्र पारीक, श्रवण कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, फतेह सिंह, नारायण सिंह को सम्मानित किया गया।

### मैं न वकील रहा न एक्सपर्ट, सीखते-सीखते स्पीकर के तौर पर 7 साल निकाले

ओम बिरला ने कहा- मैं न वकील रहा, न अनुभवी विशेषज्ञ रहा, लेकिन सीखता गया। आज सीखते-सीखते लोकसभा स्पीकर के तौर पर 7 साल निकल गए। आज कई वरिष्ठ विधायक हैं, जो लगातार विधनसभा में बैठते हैं, चर्चाओं में हिस्सा लेते हैं। संसद और विधानसभाओं में आजकल आए, भाषण दिया और चले गए, यह चल रहा है। जो जितना अध्ययन करेगा, उतना ही अच्छा भाषण देगा। आज भी लोग भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हैं। उपराष्ट्रपति के तौर पर उन्हें दिल्ली में कई नेता याद करते हैं।

### तनाव हो, स्पीकर के चेहरे पर नहीं आना चाहिए

लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने स्पीकर वासुदेव देवनानी पर चुटकी लेते हुए कहा- मैंने विधानसभा अध्यक्षजी को भी कहा कि सदन में अध्यक्ष सबका होता है। सदन में कितना ही तनाव हो, अध्यक्ष के आसन पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर नहीं दिखना चाहिए। इस पर वहां मौजूद विधायकों, पूर्व विधायकों ने जमकर ठहाके लगाए। बिरला ने कहा- कई बार सदन में उतेजना होती है। मुझे कुछ सदस्य सलाह देते हैं कि आपके चेहरे पर तनाव था, जो नहीं होना चाहिए था। इस तरह सीखते रहना चाहिए। मैं जब पहली बार संसदीय सचिव बना था, तब जनसुनवाई कर रहा था, लोग ज्यादा आ गए। मेरे एक कार्यकर्ता ने कहा- आज आपके चेहरे पर तनाव है। मैंने उस कार्यकर्ता की बात से सीख ली और आगे से ध्यान रखा कि चाहे कितनी भीड़ हो चेहरे पर तनाव नहीं दिखना चाहिए।

### बिरला बोले- सदन में चाहे कितना हंगामा करने से कोई नेता नहीं बनता

बिरला ने कहा- पहली बार जीतकर संसद गया तो लगा पांच साल का समय कैसे निकालेंगे। राजस्थान विधानसभा से ही संस्कार मिले हैं। इस विधायी पाठशाला से सीखा हुआ अनुभव काम आया। हंगामा करने से कोई नेता नहीं बनता। संसद-विधानसभा की डिबेट देखते हैं, उसमें क्या बोला है इतिहास में उसकी चर्चा होती है। संसद और विधानसभाओं में मुद्दे उठाने से ही नेता बनते हैं। हम ऐसा सिस्टम बना रहे हैं कि सभी विधानसभाओं के अंदर एक नाम डालने पर उसकी आज तक की डिबेट आ जाएगी।

### देश-प्रदेश का नेता बनने का प्लेटफार्म हैं संसद और विधानसभा

बिरला ने कहा- मंत्रियों से आग्रह रहता है कि हमेशा जो सवाल पूछा जाए, उतना ही उसका सटीक जवाब दें। देश और राज्य का नेता बनने का एक ही प्लेटफार्म है संसद और विधानसभा। नेता बनने की पाठशाला संसद और विधानसभा है।

### राज्यपाल बोले- सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को कंट्रोल करें, नहीं तो संस्कृति नहीं बचेगी

राज्यपाल हरिभाउ बागडे ने कहा- सोशल मीडिया पर बहुत ही अश्लील सामग्री आ रही। है उसे नियंत्रण करने पर सोचना होगा। अगर कंट्रोल नहीं किया तो संस्कृति खतरे में आ जाएगी। भारत फिर विश्वगुरु कैसे बनेगा। भारत में लोकतंत्र काफी पहले से मौजूद था। पंडित नेहरू ने अपनी किताब में लिखा था कि मौर्य साम्राज्य के वक्त पाटलिपुत्र की नगरपालिका में आज की तरह समितियां बनाई जाती थीं।

### सीएम बोले- हमें विधानसभा की बैठकों की संख्या बढ़ानी चाहिए

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- सदन की बैठकों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। हमें सदन की बैठकों की संख्या को बढ़ाना चाहिए। विधायक सदन में कितना समय लगा रहे हैं, वे अपना दायित्व कितना निभा रहे हैं। हम मतभेदों को भुलाकर जनहित में काम करेंगे, तभी लोगों को भला होगा और प्रदेश तरक्की करेगा। सीएम ने कहा- विधायकों को राजस्थान की दशा दिशा तय करने भूमिका तय करनी चाहिए। सदन में वरिष्ठ नेताओं विधायकों ने कई सुझाव दिए हैं। समय-समय पर सदन में दिए गए ऐसे सुझावों को एक जगह एकत्र कर प्रकाशित करना चाहिए।

# सरकार ने फिर दोहराया- पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर से कहा है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के मुताबिक भारत सरकार देश से बाहर यात्रा के लिए भारतीय नागरिकों को पासपोर्ट जारी करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह एक डॉक्यूमेंट है जो पूरी जांच और वेरिफिकेशन के बाद जारी किया जाता है। इसका संचालन पासपोर्ट अधिनियम, 1967 तथा पासपोर्ट नियम, 1980 के तहत होता है। जायसवाल ने बताया कि देश के 8त्न से भी कम नागरिकों के पास पासपोर्ट है।

### 24 जून: सरकार ने पहली बार कहा- पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं

24 जून को पासपोर्ट सेवा दिवस पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पासपोर्ट ट्रैवल डॉक्यूमेंट है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। यह बयान चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में पासपोर्ट को नागरिकता के प्रमाण के तौर पर इस्तेमाल किए जाने के सवाल पर दिया गया था। मंत्रालय ने 2013 के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया था, जिसमें पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना गया था। अधिकारियों ने यह भी बताया था कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के तहत जनहित में जरूरत पड़ने पर केंद्र सरकार किसी गैर-भारतीय नागरिक को भी पासपोर्ट जारी कर सकती है। इसलिए पासपोर्ट को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता।

### कांग्रेस ने पूछा- कौन सा दस्तावेज नागरिकता का सबूत

विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की थी। पार्टी ने सवाल उठाया कि अगर पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो इसे किस आधार पर जारी किया जाता है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं है तो फिर कौन सा दस्तावेज नागरिकता का सबूत है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार उन लोगों की नागरिकता पर सवाल उठाने की जमीन तैयार कर रही है, जिनसे उसकी राजनीतिक असहमति है।

### पासपोर्ट क्यो होता है? इसका क्या इस्तेमाल है?

पासपोर्ट केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया एक अंतरराष्ट्रीय पहचान पत्र है, जिसका मुख्य इस्तेमाल भारत से बाहर किसी भी देश में यात्रा करने के लिए होता है। विदेश जाने के लिए जरूरी वीजा इसी पर लगता है। दूसरे देश में रहने के दौरान यही आपकी पहचान, नाम और पते का सबसे बड़ा सरकारी सबूत बनता है। आसान शब्दों में कहें तो विदेश में कानूनी एंट्री करने और वहां किसी भी मुसीबत में फंसने पर भारत सरकार से मदद पाने के लिए पासपोर्ट ही सबसे जरूरी दस्तावेज है।

### क्या पासपोर्ट राष्ट्रीयता की पहचान देता है?

हां, पासपोर्ट राष्ट्रीय की पहचान देता है। राष्ट्रीयता बताती है कि आप किस देश से संबंध रखते हैं। जबकि नागरिकता बताती है कि उस देश में आपको कौन-कौन से कानूनी अधिकार मिले हैं। राष्ट्रीयता आपकी पहचान होती है। नागरिकता आपके अधिकार और जिम्मेदारियां तय करती है।

### सरकार ने पासपोर्ट की संख्या को लेकर क्या कहा है?

मंत्रालय ने बताया कि पिछले एक दशक में पासपोर्ट सेवा केंद्र और संबंधित सुविधाओं की संख्या 77 से बढ़कर 545 हो गई है। 2025 में शुरू हुए चिप आधारित ई-पासपोर्ट की अब तक 1.47 करोड़ प्रतियां जारी की जा चुकी हैं।

# सोनम वांगचुक के अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई: कोर्ट ने केंद्र-दिल्ली सरकार से जवाब मांगा

## वांगचुक 18 दिन से भूख हड़ताल पर, सेहत बिगड़ी







**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल को बहुत जरूरी माना। केंद्र और दिल्ली सरकार से गुरुवार सुबह तक जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह सुनवाई एक जनहित याचिका पर की। इसमें वांगचुक को तुरंत मेडिकल सुविधा और इलाज देने की मांग की गई है। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गडबडी के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 18 दिन से भूख हडताल पर हैं। उनकी हालत लगातार गिरती जा रही है। 8-50 किग्रा तक वजन गिर गया है।

### याचिका में इमरजेंसी ट्रीटमेंट देने की मांग

सरकार सोनम वांगचुक को तुरंत इमरजेंसी ट्रीटमेंट, जीवनरक्षक उपचार और जरूरी पोषण उपलब्ध कराए। साथ ही सरकार उनके आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर बातचीत भी शुरू करे। भूख हड़ताल के बाद से सोनम वांगचुक का करीब 8.25 किलो वजन घट गया है। उन्हें लो ब्लड शुगर, चक्कर, ज्यादा कमजोरी और मांसपेशियां कमजोर होने जैसी दिक्कतें हो रही हैं। किसी की जान खतरे में होने पर सरकार चुप नहीं रह सकती। भूख हड़ताल शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन नागरिक की जान बचाना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

### CJP का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक के विरोध में 20 जून से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक भी उनके आंदोलन में शामिल हैं। सीजेपी चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करने के बाद बनी थी।

### थरूर ने वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर लिखा- सोनम वांगचुक जी से मेरी भावनात्मक अपील है कि वे अपना अनशन समाप्त करें। आपने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और किसी भी अनशन का यही उद्देश्य होता है। देश को आगे की लंबी लड़ाई के लिए आपकी आवाज की जरूरत है। सोमवार से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। हमें लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच पर छात्रों के मुद्दे उठाने का अवसर मिलेगा। इन समस्याओं का समाधान संसद में होना चाहिए, न कि किसी की जान जोखिम में डालने वाले अनशन से। कृपया मेरी अपील स्वीकार करें।

### लद्दाख को राज्य की मांग को लेकर वांगचुक 170 दिन जेल में रहे

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सोनम वांगचुक 170 दिन तक जोधपुर जेल में रहे। उनके अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह में हिंसा हुई, जिसमें 4 लोगों की मौत और 90 लोग घायल हुए। सरकार ने हिंसा भड़काने का आरोप वांगचुक पर लगाया। इसके दो दिन बाद, 26 सितंबर को उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लेकर जोधपुर जेल भेज दिया गया।

### इरोम शर्मिला करीब 16 साल भूख हड़ताल पर रहीं

वांगचुक को भूख हड़ताल करते हुए 18 दिन हो गए हैं। महात्मा गांधी से लेकर जीडी अग्रवाल तक कई नेता-सामाजिक कार्यकर्ता अलग-अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल करते रहे हैं। इरोम शर्मिला मणिपुर से **AFSP** हटाने की मांग को लेकर 16 साल भूख हड़ताल पर रहीं।

# भारत के सबसे बडे न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

**चेन्नई।** भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुडे हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप 'वर्ल्ड लीक्स' ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पॉवर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की जानकारी, कंट्रोल रूम और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए। सर्वर में सेंध मई में हुई थी, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। तमिलनाडु के कुडनकुलम प्रोजेक्ट के पार्टनर अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने माना है कि थर्ड-पार्टी डेटा सेंटर कंपनी 'योट्टा' के सर्वर पर सेंध मारी गई थी। इस घटना की जानकारी सरकार को दे दी गई है। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि कौन-सा डेटा लीक हुआ। न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड रिलायंस के साथ मिलकर मामले की समीक्षा कर रहा है। वहीं भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम भी इस डेटा लीक की जांच कर रही है।

### सर्वर से डेटा लीक कितना खतरनाक

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, परमाणु सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि डार्क वेब पर मौजूद यदि ये दस्तावेज असली हैं, तो इनके जरिए कोई हमलावर न्यूक्लियर पावर प्लांट के सहायक सिस्टम, सप्लाई चेन और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझ सकता है, जिससे सुरक्षा जोखिम बढ़ सकता है।

### डार्क वेब क्या है, जहां डेटा अपलोड किया गया

डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जिसे सामान्य ब्राउजर (जैसे- क्रोम, एज या सफारी) से नहीं खोला जा सकता। इसे एक्सेस करने के लिए टोर ब्राउजर जैसे विशेष ब्राउजर की जरूरत होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।